**प्लेटलेट्स के लिए बिजली का इंतजार को मजबूर मरीज के परिजन**

# लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ेगा बिजली कंपनी का रखरखाव

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

## मानव सेवा समिति में लाइन में लगकर करना पड़ रहा रक्तदान



**सुबह 10 बजे**
स्थान मानव सेवा समिति ब्लड बैंक
**तारीख 10 अक्टूबर**
**क्या हो रहा** - कई परिवार डेंगू से पीड़ित परिवारजन प्लेटलेट्स कम होने पर लेने आए।
**मजबूरी** - बिजली बंद तो चार से पांच घंटे का इंतजार।

रतलाम. किसी की जिंदगी से भी बड़ा काम बिजली कंपनी के लिए चार घंटे बिजली को बंद रखकर रखरखाव करना है। यह हम नहीं कहते, बल्कि शहर में यही हो रहा है। जिला अस्पताल से लेकर मानव सेवा समिति जो आमजन के लिए संकट में सबसे बड़े मददगार बनकर खड़े रहते हैं, इन क्षेत्र में यही हो रहा है। इन क्षेत्रों में जब पूरे शहर में डेंगू के सबसे अधिक मरीज सामने आ रहे है व प्लेटलेट्स की जरुरत हो रही है तब बिजली कंपनी रखरखाव के नाम पर घंटो बिजली बंद रख रही है। ऐसे में एक रक्त दान में उपलब्ध भी हो जाए तो उससे तीन से चार घंटे में बनने वाले प्लेटलेट्स के लिए पांच से छह घंटे लग रहे है।

रतलाम में अब तक 300 से अधिक डेंगू मरीज सामने आ गए है। डेंगू के बाद जो समस्या सामने आ रही है उसमे प्लेटलेट्स की कमी सामने आ रही है। बिजली कंपनी ने दीपावली पूर्व शहर में रखरखाव का काम शुरू किया है। इसके लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक का समय तय किया है। रविवार को सुबह 10 बजे कई परिवार रक्तदान के लिए ब्लड बैंक में बैठे थे। उनको नंबर इसलिए नहीं आ पा रहा था, क्योंकि बिजली ही नहीं थी। जो संसाधन है, उनका उपयोग पूर्व के दान में आए रक्त को सुरक्षित करने के लिए उपयोग में आता है। ऐसे में कुछ परिवार तो परेशान हो रहे थे व बिजली कंपनी के निर्णय को कोस रहे थे तो कुछ जल्दी बिजली आ जाए यह प्रार्थना कर रहे थे।

### रखरखाव जरूरी

दीपावली पूर्व रखरखाव जरूरी है। पेड़ की शाखा बिजली के तार पर झूल रही है। इनको काटने का काम नहीं करेंगे तो किसी दिन शाखा टूटेगी व बिजली कई घंटे बंद रहेगी। कर्मचारी बढ़ाकर काम करवाया जा रहा है। - **विनय प्रतापसिंह,** कार्यपालन यंत्री, शहर संभाग

यह समय एक दूसरे की मदद का है। अधिक से अधिक रक्तदाता आए, जिससे शहर में किसी भी ग्रुप के लिए प्लेटलेट्स की कमी नहीं हो। - **गोविंद काकानी,** समाजसेवी मानव सेवा समिति

पत्रिका

पत्रिका 11/10/21

## रविवार को भी हुआ सर्वे, 47 घरों में मिला लार्वा

**रतलाम** | जिले में रविवार को सर्वे किया है। 47 घरों में लार्वा मिला है। 2 दिन में ही 101 घरों में टीम को लार्वा मिल चुका है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कंटेनर में 30, बेकार टायर में 16 और अन्य स्थानों पर लार्वा मिला है। सभी जगह टेमोफॉस का छिड़काव किया। जिले में अब तक 387 से ज्यादा पॉजिटिव सामने आ चुके हैं। डेंगू से बचाव के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। यह प्रशिक्षण आईपीपी-6 विरियाखेड़ी में दिया गया।

## शहर में आज 15 स्थानों पर होगा वैक्सीनेशन

**रतलाम** | शहर में सोमवार को 15 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा। रामकला सभागृह, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, रेडक्रॉस भवन, कारयप सभागृह, शेरानीपुरा जमातखाना, डीआरएम ऑफिस, कालिकामाता मंदिर, जिला अस्पताल, साइंस एंड आर्ट्स कॉलेज, आईएमए हॉल में वैक्सीन लगेगी। मोबाइल वैन भी वैक्सीनेशन करेंगी। शाम 6 से रात 10 बजे तक अंबे चौक अलकापुरी, कालिकामाता प्रांगण, त्रिमूर्ति नगर में गरबा पंडाल में वैक्सीन लगाई जाएगी। इधर, करमदी में शनिवार को 120 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

दे. भास्कर 11/10/21

# युवा केन्द्र ने किया स्वच्छता के लिए जागरुक


रतलाम(आरएनएन)।आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र रतलाम द्वारा स्वच्छ भारत कार्यक्रम किया गया। जिसमें 15 से भी ज्यादा पॉलीबैग सिंगल यूज वेस्ट प्लास्टिक के एकत्रित किए गए व सिंगल यूज वेस्ट प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने का संदेश देते हुए स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए जागरुक किया गया। जिसमें नेहरू युवा केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक कर्मवीर सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पीयूष परासिया, उर्मिला व युवा मंडल के सहयोग से यह कार्य किया गया। यह सब कार्य जिला युवा अधिकारी स्वप्निल देशमुख के निर्देशानुसार किया जा रहा है। २१५

राज एक्सप्रेस 11/10/21

**मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक से हर दिन औसतन 90 यूनिट प्लेटलेट्स**

# 1 माह में 556 यूनिट से बढ़कर 1951 पहुंची प्लेटलेट्स मांग

पत्रिका बिग इश्यू




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना महामारी की तरह ही फैल रहे डेंगू ने किसी को नहीं छोड़ा है। चाहे अमीर हो या गरीब, हर परिवार का कोई न कोई व्यक्ति डेंगू से पीड़ित है या इस तरह के लक्षणों से बीमार हो अस्पताल की राह पकड़ रहा है। डेंगू के मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या ने मानव सेवा समिति की ब्लड कंपोनेंट यूनिट की जिम्मेदारी भी बढ़ा दी है। मानव सेवा समिति ब्लड बैंक से हर दिन औसतन 90 से 100 यूनिट प्लेटलेट्स, पीआरबीसी और प्लाज्मा ले जाया जा रहा है।

मानव सेवा समिति ब्लड बैंक से न केवल रतलाम जिले में वरन आसपास के जिलों में भी रतलाम से प्लेटलेट्स की आपूर्ति में मानव सेवा समिति अपनी भूमिका का निर्वहन बखूबी कर रही है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह मानव सेवा है। समिति के ज्ञानमल सिंगावत, मोहनलाल मुरलीवाला, गोविंद काकानी का कहना है कि जितना ज्यादा लोग रक्तदान करने में आगे आएंगे उतना लोगों को आसानी से प्लेटलेट्स उपलब्ध हो पाएगा।

## फैल रहा डेंगू

कोरोना भी जब अपने चरम पर था तो लगातार इसका आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा था। कोरोना की दूसरी लहर में इसकी संख्या में एकदम इजाफा हुआ था। इस समय डेंगू का भी कुछ इसी तरह चल रहा है। हर दिन डेंगू के कई केस सामने आते जा रहे हैं और इसी हिसाब से प्लेटलेट्स की मांग भी बढ़ती जा रही है। ब्लड बैंक के मोहनलाल मुरलीवाला ने बताया कि जिनके प्लेटलेट्स की काउंटिंग 20 हजार से कम आती है उन्हें ही प्लेटलेट्स दी जा रही है। ऐसे में इस काउंटिंग से ज्यादा प्लेटलेट्स वालों की संख्या कितनी होगी। जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में भारी भीड़ उमड़ रही है।

### 1 से 31 अगस्त के बीच के आंकड़े

| ब्लड कंटेंट | यूनिट |
|---|---|
| पीआरबीसी | 634 |
| प्लाज्मा एफएफपी | 61 |
| प्लेटलेट्स | 556 |
| **कुल यूनिट्स** | **1251** |

### 1 से 30 सितंबर के बीच के आंकड़े

| ब्लड कंटेंट | यूनिट |
|---|---|
| पीआरबीसी | 823 |
| प्लाज्मा एफएफपी | 142 |
| प्लेटलेट्स | 1921 |
| **कुल यूनिट्स** | **2886** |

पत्रिका

पत्रिका 11/10/21

# एंटीजन जांच के डेंगू पाजिटिव मरीजों में 11 की मौत स्वास्थ्य विभाग नहीं मान रहा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में एंटीजन किट जांच में डेंगू पाजिटिव मिलने वाले मरीजों की मौत को स्वास्थ्य विभाग डेंगू से मौत होना नहीं मानता, लेकिन मृत मरीजों के क्षेत्रों में फीवर सर्वे, लार्वा नष्टीकरण, फागिंग और कीटनाशक दवा छिड़काव मलेरिया विभाग की टीम के माध्यम से कराया जा रहा है।

जिले के शिवगढ़ में 49 वर्षीय व्यक्ति की गत दिवस हुई मौत हो गई। एंटीजन जांच में डेंगू के लक्षण मिले थे और प्लेटलेट्स भी दस हजार से नीचे चले गए थे। स्थानीय स्तर पर उपचार चल रहा था। बाद में हालत बिगड़ने पर डाक्टर ने बड़ोदरा रैफर कर दिया और उपचार के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को लगी तो रविवार से सर्वे शुरु किया गया है। जिस क्षेत्र में मौत हुई, वहां घर-घर सर्वे के लिए टीमें बना दी गई है।

जिले में अब तक एंटीजन किट जांच में पाजिटिव मिले डेंगू के लक्षण वाले 11 मरीजों की मौत हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड में मौत का आंकड़ा जीरो है। अब तक एलाइजा जांच में 408 में डेंगू की पुष्टि की गई है, जिसमें 390 स्वास्थ्य भी हो चुके हैं।

रविवार को एलाइजा जांच की कोई रिपोर्ट नहीं आने से डेंगू का नया मामला नहीं मिला है। वहीं जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में नए मरीज मिले। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि एंटीजन किट जांच में पाजिटिव आने वाले मरीजों को हम संज्ञान में ले रहे हैं और यदि कहीं मौत होती है तो हम तत्काल वहां सर्वे सहित सभी गतिविधियां चालू कर रहे हैं। शिवगढ़ में भी मौत की सूचना मिलने पर विशेष सर्वे चालू करा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन पर हम काम कर रहे हैं।

नईदुनिया 11/10/21

# निगम ने अब तक 7504 आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि गरीब एवं असहाय परिवारों पर बीमारियों पर खर्च होने वाले आर्थिक बोझ एवं गुणवत्तापूर्वक इलाज समय पर उपलब्ध कराये जाने हेतु आयुष्मान भारत योजना के तहत नगर के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड नगर निगम के विकास शाखा स्थित आईटी सेल में बनाए जा रहे है। नगर निगम विकास शाखा स्थित आईटी सेल में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा 9




अक्टूबर को 19 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इससे पूर्व वार्डवार गठित दलों व उचित मूल्य की दुकानों पर 7316 कार्ड बनाए गए थे । इस तरह अब तक 7504 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को श्री झारिया ने निर्देशित किया है कि रतलाम नगर के शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाए जाना है। पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन किए जाने हेतु आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज के रूप में लिए जाएं।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो होगी कार्रवाई

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं इमानदारी से करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## 1600 हितग्राही पीएम स्वनिधि के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित

नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु 1556 हितग्राहियों को राशि रूपये 10,000/- तथा द्वितीय कार्यशील पूंजी हेतु 44 हितग्राहियों को राशि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 30 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

स्वदेश

स्वतंत्र एलान 11/10/21

# दीपावली पर्व पर आतिशबाजी व्यवसाय करने वाले अस्थायी फटाका लाइसेंस हेतु आवेदन करें

प्रसारण न्यूज • रतलाम

इस वर्ष दीपावली पर्व पर आतिशबाजी विक्रय व्यवसाय करने के लिए इच्छुक व्यक्ति अस्थाई फटाका लाइसेंस हेतु निर्धारित प्रारूप 5 में आवेदन करें, इसके लिए अंतिम तिथि आगामी 20 अक्टूबर नियत की गई है।

आवेदन के साथ लाइसेंस फीस 500 रुपए निर्धारित मद में चालान से जमा करवाकर चालान की असल प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज के फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें जिसमें दिनांक तथा हस्ताक्षर हो। निर्धारित मद 0070 अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 103 अन्य सेवाएं विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत प्राप्तियां जिला प्रशासन से प्राप्तियां अन्य प्राप्तियां में लाइसेंस फीस जमा करानी होगी। आवेदन पत्र पर 10 रुपए का कोर्ट फीस स्टाम्प भी चस्पा किया जाना होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र रतलाम शहर तथा ग्रामीण तहसील स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

आवेदकों को अपने-अपने आवेदन पत्र स्वीकृति के लिए रतलाम शहर हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी रतलाम शहर तथा रतलाम ग्रामीण के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी रतलाम ग्रामीण, तहसील जावरा तथा पिपलोदा के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी जावरा, तहसील आलोट एवं ताल क्षेत्र के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी आलोट, तहसील सैलाना, रावटी एवं बाजना क्षेत्र के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी सैलाना को मय पूर्व स्वीकृत अनुज्ञप्ति सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। लाइसेंसधारी को केवल उसी स्थान पर आतिशबाजी का व्यवसाय करने की अनुमति होगी जो स्थान संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा नगर पालिका निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत के परामर्श उपरांत सुरक्षात्मक दृष्टि से नियत किया जाएगा। नियत स्थान के अलावा अपनी स्वेच्छा से नगर के भीड़ वाले बाजार क्षेत्र में पटाखों का उपयोग एवं विक्रय नहीं हो और हाथ ठेलो पर दुकानें लगाने की दशा में लाइसेंस निरस्त किया जा सकेगा। लाइसेंसधारी को आग से सुरक्षा के लिए रेत, पानी तथा अग्निशामक की समुचित व्यवस्था स्वयं करना होगी और सावधानीपूर्वक व्यवसाय करना होगा ताकि अग्नि दुर्घटना नहीं होने पाए।

नियत मानकों के पटाखों का ही उपयोग तथा विक्रय होगा, प्रदूषण फैलाने वाले तथा अधिक आवाज वाले बम राकेट आदि घातक पटाखों का उपयोग और विक्रय नहीं होगा। यह भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि दुकाने इस प्रकार से लगाई जाएंगी कि एक आतिशबाजी की दुकान दूसरी आतिशबाजी की दुकान से या अन्य ज्वलनशील भंडार से कम से कम 15 वर्ग मीटर की दूरी पर हो।

प्रसारण-9

प्रसारण 9/10/21

इसी माह के अंत में मंजूरी लेकर टेंडर करेंगे जारी

# 10 करोड़ का फूड पार्क: डीपीआर को दे रहे अंतिम रूप

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के श्री लोकेंद्र भवन के सामने बनने वाले फूड प्रोजेक्ट की डीपीआर बनने का काम अब अंतिम दौर में है। नए सप्ताह में यह बन जाएगी व मंजूरी पर काम हो जाएगा। प्रशासकीय मंजूरी की प्रक्रिया पूरी करके अक्टूबर माह के अंतिम माह में मंजूरी देकर टेंडर जारी किए जाएंगे। करीब 10 करोड़ रुपए इसकी लात आएगी।

शहर के आमजन को मनोरंजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध शहर के बीच में इसका निर्माण श्री लोकेंद्र भवन के सामने करवाने का प्रस्ताव कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिया था। प्रशासकीय चर्चा के बाद इसके निर्माण के पूर्व डीपीआर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस फूड पार्क को इंदौर के 56 दुकान की तर्ज पर बनाने का विचार तो किया जा रहा है, लेकिन हकीकत में यह दिल्ली के गुड़गांव में जिस तरह का सायबर सेल है उस तरह बनाया जाएगा।

## होगा 56 से अलग

इंदौर के 56 में फूड पार्क के अलावा महिलाओं के फैशन से जुड़ी खरीदी की दुकान है। लेकिन शहर में जो फूड पार्क बनाया जाना है यह उससे अलग होगा। वाहन पार्किंग के लिए अलग से स्थान होगा। छोटे बच्चों के लिए झूले, वृद्ध के लिए चर्चा करने के लिए अलग से स्थान, महिलाओं के मनोरंजन के लिए स्थान आदि होगा। एक मल्टी फ्लेक्स बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिससे शहर के मध्य में एक और थिएटर की सुविधा मिल जाए।

## कलेक्टर रख रहे नजर

प्रोजेक्ट पर कलेक्टर कुमार नजर रखे हुए है। प्रतिदिन प्रगति की रिपोर्ट ले रहे है। नगर निगम इसका निर्माण करेगा। इसके लिए राशि निगम अपनी प्रापर्टी की बिक्री करके जुटाएगा। इसके लिए जो दुकाने स्टेडियम मार्केट में है उनको एक सप्ताह में खाली करने को कहा गया है। एक सप्ताह में दुकानदारों ने इसको खाली नहीं किया तो निगम जेसीबी ले जाकर उनको तोड़ देगा। इसके लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।

## हमारी तैयारी तेज गति से

फूड पार्क निर्माण के लिए डीपीआर पर काम अंतिम चरण में है। हमारी तैयारी जारी है। टेंडर इसी माह हो जाए यह प्रयास रहेगा। जो अतिक्रमण शेष है उसको भी हटाया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका।

पत्रिका 11/10/21

**बस निर्णय का इंतजार, फिर होगी तोड़फोड़**

# द्वारका रेसीडेंसी : इसी सप्ताह बड़ी कार्रवाई



**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

रतलाम. द्वारका रेसीडेंसी मामले पर इसी सप्ताह बड़ा निर्णय आएगा। नजूल व नगर निगम के प्रशासनीक अधिकारी सिर्फ इस मामले में जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी होने वाले निर्णय का इंतजार कर रहे है। इसके बाद शासकीय भूमि पर जो कब्जा किया है, उसको तोड़ने सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

बता दे कि 2019 में गड़बड़ी की द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी। कई पार्टनर वाले इस निर्माण कार्य में मुख्य चेहरा जितेंद्र नागल है। बिल्डर बनकर सामने आए नागल ने यहां दुकानों की दर डेढ़ से दो करोड़ रुपए से लेकर फ्लेट की कीमत 28 लाख रुपए से लेकर 40 लाख रुपए तक तय की थी। शुरू में आमजन ने रुचि दिखाई थी बाद में शिकायत पर सामने आया बिल्डर ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके सड़क का पक्का निर्माण किया था। इस कब्जे के दौरान ही मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने पूरे मामले में बिल्डर को झटका देते हुए सुनवाई योग्य मामले को नहीं मानते हुए कलेक्टर के पास जाने को कहा था।

## सुनवाई के बाद निर्णय

मामले में इसी सप्ताह बड़ा निर्णय आ सकता है। कलेक्टर कोर्ट से जारी होने वाले निर्णय का बेसब्री से निर्णय का इंतजार किया जा रहा है। निर्णय के बाद प्रशासनीक अमला जेसीबी, बुल्डोजर आदि लेकर जाएगा व अवैध कब्जे पर किए गए निर्माण को तोडेगा। इन सब के बीच इसी स्थान पर पंजीयन विभाग का कार्यालय बनाने से लेकर इस भूमि को नीलाम करने की योजना भी प्रशासन की है।

पत्रिका 11/10/21

**समय पर नहीं हो पाता पेयजल का सप्लाई**

# त्योहार पर भी नहीं सुधर रही निगम की पेयजल व्यवस्था



पत्रिका अभियान

**त्योहारों पर नियमित हो जलापूर्ति**

रतलाम. शहर में त्योहार के समय जल प्रदाय को लेकर बेहतर व्यवस्था के निगम के सभी दावे हर बार खोखले साबित हो रहे हैं। यह कोई पहली बार का मामला न होकर हर बार की बात हो गई है। पूरे महीने का जल कर वसूलने के बाद भी निगम आधे माह भी लोगों को पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। इतना ही नहीं जितने दिन लोगों के घरों में पानी आता है, वह भी समय पर नहीं आता जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ता है।

जल प्रदाय नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशानी नौकरीपेशा वर्ग से जुड़े लोगों की है। कई घर हैं, जहां महिला और पुरुष दोनों काम के लिए जाते हैं। घर पर कोई नहीं होता है। यदि तय समय पर जल प्रदाय नहीं होता है तो इन लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। समय पर जल प्रदाय नहीं होने के पीछे विभिन्न कारण निगम द्वारा बताकर इतिश्री कर ली जाती है।

## कभी टंकी नहीं भराना कारण तो कभी लीकेज

निगम के द्वारा जिन क्षेत्रों में समय पर पेयजल वितरण नहीं किया जाता है, उन क्षेत्रों में कई बार सुबह इसके लिए मुनादी करा दी जाती है जिससे लोगों को पता चल जाए कि आज पानी मिलेगा या नहीं मिलेगा या फिर कितने बजे मिलेगा। इस दौरान कारण कभी पानी की टंकी नहीं बताना तो कभी पाइप लाइन लीकेज तो कभी कोई और कारण बताया जाता है।

## लीकेज से सड़क पर बह रहा पानी

शहर के मोती नगर चौराहे पर धोलावाड़ की मुख्य लाइन में लगे वॉल्व में लीकेज का पानी सड़क पर बह रहा है। इसके चलते लोग सड़क पर पानी फैलने से कीचड़ हो रहा है जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कीचड़ से मच्छर भी पनप रहे हैं जिससे डेंगू का खतरा भी मंडरा रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के निवासियों ने कई बार जिम्मेदारों ने फोन पर इसे सुधारने के लिए सूचना दी लेकिन अब तक किसी का इस पर ध्यान नहीं गया है।

पत्रिका 11/10/21

मैदान से गायब अधिकारी, आमजन परेशान

# 5 दिन से कचरा गाड़ी नहीं जा रही मैदान से गायब अधिकारी

पत्रिका
सिटी इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जब से नगर निगम में प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश के बाद अधिकारियों के कामकाज में फेरबदल हुआ है तब से सफाई की व्यवस्था और अधिक खराब होकर पटरी से ही उतर गई है। शहर के कई क्षेत्रों में चार से पांच दिन से कचरा संग्रहण वाहन ही नहीं पहुंचे है। ऐसे में जब शहर में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है, तब मैदानी अधिकारियों का मैदान से नदारत रहना शहर के लिए भारी पड़ेगा।

कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार ने शहर की सफाई व्यवस्था में बदलाव करने के उद्देश्य से लोकनिर्माण विभाग के तत्कालीन अधिकारी जीके जायसवाल को हटाकर स्वास्थ्य विभाग की बागडोर सौंपी थी। इसके बाद से स्वच्छता अभियान में गति आने के बजाए हालात दिन ब दिन और खराब होते जा रहे है। अब तक तो शहर में मोहल्लों में कचरा नहीं उठने की शिकायत आ रही थी, अब तो कचरा संग्रहण वाहन ही कई मोहल्लों में नहीं पहुंचने के मामले सामने आ रहे है।

## पांच दिन से नहीं पहुंचा

शहर के डीडी नगर, महेश नगर, कोमल नगर, नयागांव, दीनदयाल नगर, लक्ष्मणपुरा, गांधीनगर, मोचीपुरा, कसाई मंडी, शेरानीपुरा कई क्षेत्र ऐसे है जहां चार से पांच दिन में कचरा संग्रहण के लिए मैजिक वाहन ही नहीं पहुंचा है। ऐसे में लोग कचरा को अपने घर में रखकर वाहन का इंतजार कर रहे है तो कुछ ने सड़क पर डालना शुरू कर दिया है। सबसे अधिक खराब स्थिति तो कसाई मंडी की है जहां लोग नाले में ही गंदगी को बहा रहे है। कचरा बहने के बजाए उसी में एकत्रित हो रहा है।

## हम परेशान हो गए

हम नगर निगम की दुरावस्था से परेशान हो गए है। पांच दिन से कचरा लेने मैजिक वाहन नहीं आया है। क्षेत्र के लोगों ने निर्णय लिया है सोमवार तक कोई वाहन नहीं आया तो मंगलवार को निगम कार्यालय में कचरा डालने जाएंगे। - **महेश प्रजापति,** रहवासी महेश नगर

जानकारी अभी मिली है। तत्काल समीक्षा कर कार्रवाई की जा रही है। स्वच्छता अभियान में अगर कर्मचारी या मैजिक वाहन नहीं आए तो 7471144900 नंबर पर वाट्सएप किया जा सकता है।

- **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 11/10/21

## 68 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को 68 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 30745, ट्रैक्टर-ट्राली से 6110, काम्पेक्टर सूखा कचरा 17805, काम्पेक्टर गीला कचरा 13535 कुल 68195 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

अग्निदुनीया 11/10/21

## गंदगी करने पर 14 लोगों से जुर्माना वसूला

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर राकेश रूनवाल पैलेस रोड से 1000 रुपये, बालाजी दो बत्ती, प्रेमसिंह, शांतिलाल सैलाना रोड, एसएस चौधरी, रामलाल कस्तूरबा नगर, शिवम चायवाला महू रोड, अभिनंदन पानवाला स्टेशन रोड से 100-100, रामनारायण, दर्शन, सागर सैलाना रोड, नवीन पावर हाउस रोड, मेघा आटो पार्ट्स, भरत आटो गैरेज महू रोड से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

अग्निदुनीया 11/10/21

कर दिए गए हैं।

## जिला चिकित्सालय परिसर में भी बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों को दिलाने के पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए अन्य स्थानों के अलावा जिला चिकित्सालय रतलाम परिसर में भी आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है, जो भी व्यक्ति उपचार के लिए जिला चिकित्सालय आते हैं, वहां पात्रता होने पर आयुष्मान कार्ड भी बना सकते हैं।

प्रसारण 9/10/21

## निगमायुक्त प्रतिदिन प्रातः भ्रमण कर सफाई का जायजा लेंगे

# शहर की 6 सड़कों पर पेचवर्क 15 अक्टूबर से आरंभ होगा

## उपयंत्री श्री आचार्य शाम को बिजली व्यवस्था के लिए भ्रमण करेंगे

प्रसारण न्यूज • रतलाम

रतलाम शहर में नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा तरणताल स्थित हाल पर की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में सड़कों का पैचवर्क अतिशीघ्र आरंभ करें। बताया कि शहर की चिन्हित 38 सड़कों में से 6 सड़कों पर पैचवर्क आगामी 15 अक्टूबर से आरंभ कर दिया जाएगा। शेष सड़कों के टेंडर रेट ज्यादा होने से पुनः टेंडर किए जा रहे हैं। इस बैठक में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, हनीफ शेख, श्याम सोनी, उपायुक्त विकास सोलंकी आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि पैचवर्क कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए, समय सीमा में काम करने के लिए जहां ट्रैफिक रोकना हो रोका जाए, बैरिकेट्ड आवश्यक हो तो लगाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर की डामर सड़कों को धीरे-धीरे के सीमेंट कंक्रीट सड़कों में परिवर्तित किया जाए, इससे सड़कें स्थाई गुणवत्ता वाली रहेंगी। नगर निगम कार्य के लिए कलेक्टर द्वारा एक क्रेन किराए पर लेने के लिए निर्देशित किया गया। फूड जोन के बारे में बताया गया कि तीन-चार दिनों में डीपीआर तैयार हो जाएगी, उसके बाद टेंडर जारी कर दिए जायेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फूड जोन में स्मार्ट पार्किंग रहेगी, साथ ही सफाई के लिए एक जिम्मेदार एजेंसी भी रहेगी।



कलेक्टर ने शहर में सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। कलेक्टर द्वारा छत्री पुल के सामने की दुकानों के पीछे के हिस्से में मौजूद गंदगी का भी जिक्र किया गया। कलेक्टर ने कहा कि निगम के पास पर्याप्त वाहन है, पर्याप्त अमला है। अब इस संबंध में ढीला-ढाला काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह उठकर दो-तीन घंटे तक तीन से चार वार्डों का भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें। इसी प्रकार विद्युत समीक्षा के दौरान उपयंत्री श्री आचार्य को निर्देशित किया कि वे शाम को प्रतिदिन शहर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर सुचारू विद्युत व्यवस्था हेतु जायजा लेते रहे।

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने बताया कि शहर में मिनी स्मार्ट सिटी योजना में नगर निगम द्वारा तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इनमें शास्त्री नगर फोरलेन, मैन पोस्ट ऑफिस से लोकेंद्र टॉकीज फोरलेन तथा गुजरात स्वीट से रेलवे रेलवे सीनियर इंस्टिट्यूट तक टूलेन बनाया जाएगा। कलेक्टर स्पॉट फाइन करने वाली टीम के प्रति भी नाराज रहे व निर्देशित किया के बगैर दबाव के स्पॉट फाइन करें। किसी के साथ बदतमीजी नहीं करें, खासतौर पर महिलाओं के साथ सम्मान से पेश आएं। समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पुलिस कंट्रोल रूम पर सीसीटीवी से पूरे शहर की जानकारी मिलती है। शहर में व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर निगम का एक कर्मचारी पुलिस कंट्रोल रूम पर तैनात किया जाए, वहां से कैमरे द्वारा वाच करें फिर स्पॉट फाइन किया जाए। शहर में शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनियों के विकास की समीक्षा के दौरान निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर में नगर निगम के अमले द्वारा 20 अवैध कालोनियां चिन्हित की गई है परंतु उनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए भूमि स्वामियों के नाम-पते की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर द्वारा तत्काल सिटी एसडीएम को दूरभाष पर निर्देशित किया गया कि उक्त कॉलोनियों के भूमि स्वामियों के नाम, पते की सूची निगम को तत्काल उपलब्ध कराएं।

प्रसारण 9/10/21



## मोती नगर कुष्ठ बस्ती में कोरोना का दूसरा टीका लगा

रतलाम। दीनदयाल विचार मंच के सहयोग से मोती नगर कुष्ठ बस्ती में 65 कुष्ठ रोगियो को बस्ती मे ही केंप लगाकर कोरोना का दूसरा डोज कोवीशील्ड का टीका लगाया गया तथा 4 रोगियों को पहला डोज लगाया गया।

मंच के अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला ने बताया कि कुष्ठ बस्ती के रोगियो को कोरोना का पहला डोज कोवीशिल्ड का जुलाई मे लगाया गया था तब 66 कुष्ठरोगियों को टीका लगा था। इस अवसर पर शहर टीकाकरण अभियान के प्रभारी लोकेश वेष्णव, टीकाकरण दल मे शामिल जिला चिकित्सालय के कुष्ठरोग प्रभारी शरद शुक्ला, नर्स आरती राठोर, डाटा आपरेटर जयंत शर्मा, सत्यजीत रावत का दीनदयाल विचार मंच के अशोक चोटाला, मुकेश मोरीया, पार्वती चौहान, श्याम रेडा, गोरव जैन ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

## कचरा संग्रहण वाहन के 6 हैल्पर सेवा से बर्खास्त

रतलाम। नगर निगम के कचरा संग्रहण के 6 हैल्परों द्वारा 7 अक्टूबर गुरूवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबधित हैल्परों को सेवा से बर्खास्त किया गया।

वार्ड क्रमांक 1 के राहुल-दिलीप, वार्ड क्रमांक 17 के गौरव-विजय, वार्ड क्रमांक 31 के सुनील, वार्ड क्रमांक 34 के नितीन-किशोर, वार्ड क्रमांक 38 के अंकित खत्री व वार्ड क्रमांक 42 के संदीप-सुरेश कचरा संग्रहण वाहन हैल्पर द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर संबधित कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया गया।

प्रसारण 11/9/21

# स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 38 दिवस का वेतन काटा

**रतलाम।** खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर स्पॉट फाईन किए जाने हेतु गठित दल द्वारा विगत सितम्बर माह से नियमित रूप से स्पॉट फाईन नहीं करने, शहर में कहीं भी स्पॉट फाईन नहीं करते पाए जाने व प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का 38 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। स्पॉट फाईन दल द्वारा सितम्बर माह में नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने व अक्टूबर माह में दो दिवस 4 अक्टूबर को 14 व्यक्तियों व 8 अक्टूबर को 13 कुल 27 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन करने व दिए गए लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने पर निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के विराट मेहरा, पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिन्दे द्वारा विगत सितम्बर माह से 5 अक्टूबर तक नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाईन नहीं करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर 1 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक (कुल 38 दिवस) प्रतिदिन वेतन काटा जाकर निलंबन व सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

प्रसारण 9/10/21

# मध्य प्रदेश में भूमि का नामांतरण होगा आसान, विक्रेता के नहीं आने पर मानी जाएगी मौन स्वीकृति

## नामांतरण, बंटवारे की प्रक्रिया को सरल बनाने और लंबित मामलों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग ने बनाई व्यवस्था।



भोपाल । भूमि के नामांतरण की जटिल प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। जमीन बेचकर नामांतरण कराने में रुचि नहीं दिखाने वाले विक्रेताओं की वजह से परेशान होने वाले क्रेताओं को राहत देने और लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए अब सरकार ने नई व्यवस्था बनाई है। इसके तहत राजस्व न्यायालय से नोटिस तामील होने के बाद यदि विक्रेता नामांतरण के लिए उपस्थित नहीं होता है और आपत्ति भी दर्ज नहीं कराता है तो इसे उसकी मौन स्वीकृति माना जाएगा। इसके आधार पर न्यायालय नामांतरण संबंधी आदेश पारित कर सकेंगे। इसी तरह भूमि स्वामी की मृत्यु होने पर भूमि के नामांतरण के लिए वारिसों और सह-खातेदारों की अनुपस्थिति से भी प्रकरण लंबित नहीं रहेंगे।

नोटिस जारी करने के बाद यदि आपत्ति न्यायालय को प्राप्त नहीं होती है तो नामांतरण आदेश पारित किए जाएंगे। दरअसल, राजस्व न्यायालय में ढाई लाख से ज्यादा नामांतरण के प्रकरण लंबित हैं। राजस्व विभाग ने जब इनकी समीक्षा की तो यह बात सामने आई कि भूमि बेचने के बाद विक्रेता नामांतरण कराने में कोई रुचि नहीं दिखाते हैं। बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी वे नियत तारीख को न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं। इससे जहां प्रकरण लंबित रह जाते हैं वहीं क्रेता (खरीदार) भी परेशान होते हैं। जबकि नियमों में प्रविधान है कि ऐसे मामलों में नोटिस देने के बाद यदि विक्रेता उपस्थित नहीं होता है और कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं कराता है तो फिर विक्रेता के पक्ष में नामांतरण कर दिया जाना चाहिए। सभी कलेक्टरों को विभाग ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों में विक्रेता की मौन स्वीकृति मानते हुए उपलब्ध तथ्यों और गुण-दोष के आधार पर आदेश पारित किए जा सकते हैं। इसी तरह भूमि स्वामी यदि जीवित रहते हुए खातों का विभाजन या नामांकन नहीं करा पाता है और किसी को कोई आपत्ति भी नहीं होती है तो ऐसे मामलों में नामांतरण किया जा सकता है। विधिवत उद्घोषणा और पक्षकारों को सूचना पत्र तामील होने के बाद भी यदि वे न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो आवेदक के पक्ष में आदेश जारी किए जा सकते हैं। यदि कोई पक्षकार आपत्ति उठाता है तो तहसीलदार उस पर विचार करके प्रकरण का निराकरण करेंगे। आयुक्त भू-अभिलेख ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि आमतौर पर भूमि विक्रय करने के बाद विक्रेता नामांतरण कराने में रूचि नहीं दिखाते हैं। इससे अनावश्यक प्रकरण लंबित रहते हैं। जबकि, शासन की मंशा यह है कि अविवादित भूमि के नामांतरण में विलंब नहीं होना चाहिए। इसके मद्देनजर सभी कलेक्टरों को नामांतरण के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गई है कि वे विक्रेता के न्यायालय के समक्ष उपस्थित न होने पर तय प्रक्रिया को अपनाकर नामांतरण कर सकते हैं।

स्वतंत्र लोकनाम 9/10/21

## राज्य स्तरीय दल द्वारा जिले में टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा

# टीकाकरण से ही पूरी सुरक्षा मिलेगी : डॉ. शुक्ला



प्रसारण न्यूज • रतलाम

जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम एवं कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम की प्रगति की मैदानी स्तर पर उपलब्धियों की राज्य टीकाकरण अधिकारी भोपाल डॉ. संतोष शुक्ला, उप संचालक स्वास्थ्य सेवाऐं उज्जैन संभाग डॉ.एम. के. तिवारी, डॉ. सुधीर सोनी, डॉ. रितेश बजाज, यूएनएनडीपी प्रतिनिधि डॉ. मनदीप ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामों पर जाकर हितग्राहियों से चर्चा कर जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के बाद प्रमुख बिन्दुओं के संबंध में राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. शुक्ला की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय में बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश दिए गए।

डॉ. संतोष शुक्ला ने जिले में कोविड वैक्सीन का प्रथम डोज शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मोबाईल टीम द्वारा वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन के लिए उपलब्ध मानव संसाधन का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए। गर्भवती माताओं के कोविड वैक्सीनेशन के लिए आशा, आशा सहयोगी, बीसीएम और धात्रीमाताओं के टीकाकरण के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ताओं तथा अन्य लोगों के टीकाकरण के लिए स्कूली शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्वसहायता समूहो का सहयोग लिए जाने की बात कही। डॉ. शुक्ला ने बताया कि रतलाम जिले में कोविड वैक्सीनेशन के लिए स्थायी टीकाकरण केंद्रों का चिन्हांकन किया जाए ताकि भविष्य में बच्चों के कोविड वैक्सीनेशन के समय इनका यथोचित उपयोग करने की योजना बनाई जा सके। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में केंद्र चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीन के दोनों टीके लगवाने से कोविड संक्रमण से होने वाली मृत्यु में 96 प्रतिशत तक की कमी लाई जाना संभव है।

राज्य दल के अधिकारियों ने बताया कि जिले में नियमित टीकाकरण की मैदानी स्तर पर कार्यवाही के दौरान हाउस टू हाउस निरीक्षण में 50 में से केवल तीन बच्चों का टीकाकरण से छूटना पाया गया है। दल के सदस्यों ने एचएमआईएस की मासिक रिपोटिंग के दौरान सावधानीपूर्वक रिपोर्टिंग करने एवं शत-प्रतिशत सत्र आयोजित कर सभी गर्भवती माताओं और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यु लिस्ट की तैयारी के लिए पॉच वर्ष की आयु में डीप्थीरिया का टीकाकरण शामिल करने को कहा। टीम के सदस्यो ने बताया कि टीकाकरण के सत्रों के आयोजित ना होने की स्थिति में आउटब्रेक होने की आशंका रहती है। अतः टीकाकरण को मानवसेवा का पुण्यकार्य मानकर इसमें सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता टीम बनाकर कार्य करें।

डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि रतलाम जिले में वैक्सीन की डिमांड और सप्लाई की वाउचर अधारित व्यवस्था आदर्श पाई गई, इस व्यवस्था को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होने टीकाकरण के लिए टेली कॉलिंग, ट्रेसिंग, ट्रेकिंग के आधार पर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने की बात कहीं। उन्होने विकासखंड पर पदस्थ चिकित्सकों से उनकी समस्याऐं पूछी और उनका निराकरण करने की बात कही। बैठक में जिले जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, डीएचओ डॉ. जी. आर. गौड, डीपीएम डॉ. अजहर अली तथा बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

प्रसारण 9/10/21

**फूड जोन** • स्टेडियम मार्केट के 53 दुकानदारों को निगम ने खाली करने के दिए नोटिस

# 56 दुकान के लिए 53 दुकानदार रोजी-रोटी के संकट में

## दुकानदारों ने नोटिस के विरोध में काम रखा बंद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम द्वारा लोकेंद्र भवन के सामने इंदौर की तर्ज पर 56 दुकान बनाने की प्लानिंग है। इसके लिए यहां नेहरू स्टेडियम के पीछे की साइट बनी 53 दुकानदारों को दुकान खाली करने के नोटिस जारी किए हैं। इन दुकानदारों को 7 दिन से एक महीने में दुकानें खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट आ गया है। निगम ने 53 दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। इसमें से 35 दुकानदार ऐसे हैं जो किराया चिट्ठी पर कारोबार करते हैं। वहीं 18 दुकानदारों की दुकानों का हर तीन साल में नवीनीकरण होता है। जो दुकानदार किराया चिट्ठी पर कारोबार कर रहे हैं, उनसे निगम सालाना किराया वसूलता है। इन्हें निगम ने 7 दिन में दुकान खाली करने का नोटिस जारी किया है। वहीं निगम ने जिन्हें लीज पर दुकानें दी हैं। उनकी लीज का हर तीन साल में नवीनीकरण किया जाता है।

ऐसे दुकानदारों को 1 महीने में दुकान खाली करने के नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में शर्तों का उल्लंघन का हवाला दिया गया है। इसमें लिखा है आपने दुकान किराये से दे दी, वहीं आप अन्य व्यवसाय कर रहे हैं और आपने दुकान पर फोटो नहीं लगा रखा है। यह शर्तों का उल्लंघन है। इससे आप दुकान खाली करें। यहां गैरेज, खाने-पीने की दुकानें, राशन सहित अन्य दुकानें संचालित हैं।

भास्कर

## दुकानदारों ने अपनी परेशानी शहर विधायक को बताई

नगर निगम के नोटिस के विरोध में सभी दुकानदारों ने शनिवार को अपना कारोबार बंद रखा और सभी विधायक चेतन्य काश्यप के पास पहुंचे और उन्हें अपनी समस्या बताई। दुकानदारों ने उन्हें बताया कि हम सालों से कारोबार कर रहे हैं लेकिन फूड जोन निर्माण के लिए हमें बेदखल किया जा रहा है। इस पर विधायक ने कलेक्टर से चर्चा करने की बात कही।

### फूड जोन के लिए बेरोजगार करना कहां का नियम है

दुकानदार विजयसिंह सिसौदिया, अशोक तिवारी एवं सोहेल काजी ने बताया कि फूड जोन का हम विरोध नहीं करते हैं लेकिन फूड जोन की आड़ में किसी को बेरोजगार करना कहां का नियम है। सालों से हम कारोबार कर रहे हैं। निगम ने तो दुकानें खाली करने के नोटिस जारी कर दिए। यदि निगम दुकानों से बेदखल कर देगा तो हम कहां जाएंगे। इससे तो हम सड़क पर आ जाएंगे।

### विधायक प्रशासन से बात करेंगे

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया मेरे पास आज ही दुकानदार आए हैं। उन्होंने निगम द्वारा नोटिस जारी करने की बात कही और अपना पक्ष रखा। दुकानदारों की परेशानी को देखते हुए इस संबंध में प्रशासन से बात की जाएगी।

दे. भास्कर 10/10/21



## भू माफियाओं की शामत

# प्रशासन का चला बुलडोजर,100 से ज्यादा दुकानों को किया जमींदोज

**अपराधियों के कब्जे में थी 100 से अधिक दुकानें,अधिकांश अवैध कब्जेधारियों पर NDPS की धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं।**

रमेश सोनी

रतलाम। प्रदेश में मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई को लेकर जिले भर के भू-माफिया के माथे पर पसीना चुह-चुहा रहा है। राजनीतिक रसूखदार लोगों को भी प्रदेश के मुखिया के आदेश के आगे नतमस्तक होना पड़ रहा है। हराम की जमीन को हाथों से निकलती देख यह भू-माफिया इधर उधर भागते फिर रहे हैं। जिले के ढोढर में भूमाफिया द्वारा 100 से अधिक दुकान सरकारी जमीन पर बना डाली। इन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि सरकारी जमीन पर दुकानें बनाकर उसमें आवश्यक सामग्री के अलावा बैंक के एटीएम मशीन भी संचालित हो रहे थे।

बता दें कि जिले भर में भू-माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। रतलाम,ताल और नामली के बाद आज सुबह प्रशासन के बुलडोजर ढोढर में मंदसौर के लाला और पठानों के कब्जे वाली 100 से अधिक दुकानों पर भी चले। यहां सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कॉम्पलेक्स ही बना दिया गया था। जहां जिला प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दुकानें ढहने की कार्रवाई शुरू की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके चलते जिले में प्रशासन का मुस्तैद हो गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले का राजस्व अमला लगातार भू-माफिया के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है। जिला प्रशासन ने ढोढर में सरकारी जमीन पर बनाए गए जनता कॉम्प्लेक्स की दुकानों को खाली कराने का नोटिस जारी किया था। और आज ही के दिन प्रशासनिक अमला भारी पुलिस बल और आधा दर्जन बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचा।सबसे पहले सभी दुकानदारों को दुकानें खाली करने का अंतिम अवसर दिया गया और नहीं सुनने पर सुबह करीब 10 बजे बुलडोजर चलने शुरू हो गए और एक-एक कर सभी दुकानों को बुलडोजर का पंजा धराशायी करता चला गया। इस तरह अमले ने 100 से अधिक दुकानों पर कार्रवाई की।

**प्रशासन का नोटिस पंहुचते ही मच गया था हड़कंप**-प्रशासन द्वारा दुकानें खाली करने का नोटिस देते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दरअसल इस बेशकीमती सरकारी जमीन पर बने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर वर्षों से मंदसौर के लाला-पठानों का कब्जा था।दुकानदारों से किराया भी वही वसूलते थे।अधिकांश अवैध कब्जेधारियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

**इन अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर हाथ डालने की हिम्मत पूर्व में किसी ने भी नहीं जुटाई**-अब मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी सख्त रुख अख्तियार किया और भूमाफिया पर कार्रवाई के मामले में कतई कोताही बरतने के निर्देश अधीनस्थ अमले को दिए।

बता दें कि ढोढर में हुई कार्रवाई से पहले प्रशासन की रतलाम शहर,नामली और ताल में बड़ी कार्रवाई हो चुकी है।रतलाम और नामली में सरकारी जमीन मुक्त कराई गई वहीं भू-माफियाओं पर एफआईआर भी दर्ज कराई गई।

# वैक्सीन के दोनों डोज लगने के बाद ही शरीर में बनेगा सुरक्षा चक्र : शिवराज सिंह

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना पर काबू पा लिया गया है, लेकिन सावधानी अभी भी आवश्यक है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि जनता के सहयोग से प्रदेश में कोविड-19 पर पर काबू पा लिया गया है। लेकिन कोरोना के संबंध में सावधानी अभी भी आवश्यक है। टीके का पहला डोज लगवाने के बाद दूसरे डोज की चिंता भी सभी को करनी है। टीके की दोनों डोज लगने के बाद ही शरीर में सुरक्षा चक्र बनेगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने दूसरा डोज नहीं लगवाया, वो दूसरा डोज भी जरूर लगवा लेना। अपने घर, परिवार, गली, मोहल्ले, गांव या शहर में कोई भी भाई-बहन शेष रहा हो तो उसे भी टीका लगवाने के प्रेरित करें। टीका लगवाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें याद है कि हम ऑक्सीजन की व्यवस्था के लिए रात-रात भर बैठे रहते थे। कोरोना संक्रमण में फेफड़े जल्दी खराब होते हैं और इलाज में ऑक्सीजन की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती थी।

ऑक्सीजन टैंकर के चालक तक से मैं बात करता था कि भैया कहां तक पहुंचे। इस चिंता में 7-8 दिन तो नींद भी पूरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुफ्त में कोरोना का टीका दिया है, जिसके कारण लोगों की जान बच पाई है। कोरोना के संक्रमण को रोकने का अनुकूल व्यवहार जरूरी है। २१५

राज एक्सप्रेस 11/10/२१